भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1310
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

माहे में मल्टी स्पेशलिटी परामर्श इकाई

1310. श्री वी. वैथिलिंगम:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का जेईपीएमईआर के तहत माहे में एक मल्टी स्पेशलिटी परामर्श इकाई स्थापित करने का विचार है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार को पता है कि जेआईपीएमईआर परिसर माहे को छोड़कर तीन क्षेत्रों पुडुचेरी यानि पांडिचेरी, कराईकल और यानम में मौजूद है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): वर्तमान में, जिपमेर (जवाहरलाल स्नात्तकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान) का मुख्य परिसर पुडुचेरी में स्थित है। इसके अलावा, जिपमेर के अंतर्गत कराईकल में एक मेडिकल कॉलेज और यानम में हाल ही में निर्मित एक मल्टी स्पेशलिटी परामर्श इकाई है।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत माहे के निकट सरकारी मेडिकल कॉलेज कोझिकोड में और सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक स्थापित किया गया है, जो कार्यशील है। परियोजना की कुल लागत 195.93 करोड़ रु. है, जो केंद्र और राज्य के बीच साझा की गई है।

जिपमेर के अंतर्गत माहे में मल्टी स्पेशलिटी परामर्श इकाई स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

*****